प्राथमिकता

संख्या–2519 / 96–आयुष–1–2020–66 / 2011

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद यादव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
आयुर्वेद सेवायें
उ0प्र0 लखनऊ।

आयुष अनुभाग–1 लखनऊः दिनांकः 22 जुलाई, 2020

विषयः लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 प्रयागराज से नवचयनित 521 आयुर्वेद एवं 596 होम्योपैथ चिकित्साधिकारियों के पद पर नियुक्ति/तैनाती प्रदान किये जाने हेतु आनलाइन काउन्सिलिंग कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 प्रयागराज से नवचयनित 521 आयुर्वेद एवं 596 होम्योपैथ चिकित्साधिकारियों के पद पर आनलाइन काउन्सिलिंग के माध्यम से नियुक्ति/तैनाती प्रदान किये जाने के संबंध में निम्नवत् निर्णय लिया गया है :–

1. आनलाईन काउन्सिलिंग हेतु आयुष विभाग की बेबसाइट www.ayushup.in पर लॉगिन कर अभ्यर्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जायेगा।
2. दिनांक 25.07.2020 से दिनांक 28.07.2020 (प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 28.07.2020 को मध्यरात्रि 12:00 बजे तक) अभ्यर्थियों द्वारा उक्त कार्यक्रमानुसार अपना रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा तथा अपनी तैनाती हेतु जनपद का विकल्प भरा जायेगा।
3. दिनांक 29.07.2020 को मेरिट तथा अन्य नियमों के आधार पर चुने गये विकल्पों में से जनपद आवंटित किया जायेगा।
4. दिनांक 30.07.2020 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01.08.2020 (रात्रि 12:00 बजे तक) अभ्यर्थियों को आवंटित जनपद में मेरिट के अनुसार रिक्त चिकित्सालय हेतु विकल्प अंकित किया जायेगा।
5. दिनांक 04.08.2020 को मेरिट तथा अन्य नियमों के आधार पर चुने गये विकल्पों में से आवंटित जनपद तथा चिकित्सालय की घोषणा की जायेगी।
6. सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विकल्प भरना अनिवार्य होगा।

2– अनुरोध है कि कृपया उक्त नवचयनित 521 आयुर्वेद एवं 596 होम्योपैथ अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग आनलाइन कराये जाने हेतु समुचित व्यवस्था कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
Raj
(राजेन्द्र प्रसाद यादव)
अनु सचिव।

संख्या–2519 (1) / 96–आयुष–1–2020–तददिनांक

प्रतिलिपि–अनु सचिव, आयुष अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

22.7.20

आज्ञा से,
Raj
(राजेन्द्र प्रसाद यादव)
अनु सचिव।